दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 10 फरवरी 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 134

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पश्चिम रेलवे के मुंबई डिवीजन ने 100वीं टेक्सटाइल एक्सप्रेस का किया संचालन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल डिवीजन (मंडल) ने चल्थान (सूरत क्षेत्र) से संकरैल (खडग़पुर डिवीजन, एसईआर) तक 100वीं टेक्सटाइल ट्रेन के लदान की महत्वपूर्ण उपलिब्ध अर्जित की है। रेल और कपड़ा राज्य मंत्री श्रीमती दर्शना जरदोश ने दिनांक 01.09.2021 को उधना से ऐसी पहली ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। पांच महीने की अवधि में ही यह महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करना रेलवे में सूरत कपड़ा क्षेत्र के बढ़ते हुए विश्वास को दर्शाता है। प्रमुख गंतव्य दक्षिण पूर्व रेलवे में संकरैल, शालीमार और पूर्व मध्य रेलवे में दानापुर और नारायणपुर थे। चल्थान और ऊधना से कुल मिलाकर क्रमश: 67 और 33 एनएमजी रेक लोड किए गए। टेक्सटाइल एक्सप्रेस ने रेलवे के लिए कुल 10.2 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया।

### खेलते-खेलते पार्वती नदी में गिरी छह साल की बच्ची, मौत

**कुल्लू (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले की मणिकर्ण घाटी के टिपरी गांव में छह साल की बच्ची की पार्वती नदी में गिरने मौत हो गई। बच्ची आठ साल की सहेली के साथ घर के नीचे पार्वती नदी के किनारे खेल रही थी। इस दौरान दिव्या का पैर फिसल गया और वह पार्वती नदी में बह गई। घटना मंगलवार शाम की है। हालांकि, परिवार के लोगों ने गांववासियों और पुलिस की मदद से उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार को पुलिस ने बचाव टीम को पार्वती नदी में उतारा और तलाशी अभियान शुरू किया। हादसे वाली जगह से करीब 50 मीटर आगे नदी में पानी के बीच बच्ची का शव बरामद किया गया। पुलिस ने बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। उधर, मणिकर्ण स्थित एनएचपीसी की कॉलोनी के पीछे एक मोड़ पर एक लोडर सडक़ के नीचे गिर गया। इसमें 42 वर्षीय चालक दिलबर राम पुत्र मंगली राम निवासी गांव व डाकघर लूथरा, जिला चमोली, उत्तराखंड घायल हुआ। उसे उपचार के लिए सीएचसी जरी ले जाया गया।

### कांग्रेस ने 4 और नेताओं को किया छह साल के लिए निष्कासित

**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तराखण्ड में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी विरोधी गतिविधियों एवं विधानसभा चुनाव में पार्टी अनुशासन के खिलाफ कार्य करने वाले लोगों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव संगठन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी देवेन्द्र यादव के निर्देश पर यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र से पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं एआईसीसी सदस्य हंसपाल बिष्ट, सुनील वरुण, वरदेव सिंह, उर्वीदत्त गुरुली को पार्टी विरोधी गतिविधियों एवं अनुशासनहीनता के चलते तत्काल प्रभाव से पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। मथुरादत्त जोशी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक अनुशासित संगठन है। इसमें यदि अनुशासनहीनता होती है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जो भी पार्टी अनुशासन की लाईन पार करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। कांग्रेस पार्टी ने सभी जिला एवं शहर अध्यक्षों को- भी निर्देश दिये हैं कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ समुचित कार्रवाई की जाए।

### भारी बारिश के बाद भूस्खलन से मची तबाही, 14 लोगों की हुई मौत

**बोगोटा ।** दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप के पश्चिमी-उत्तर में स्थित कोलंबिया में भूस्खलन से 14 लोगों की मौत की खबर है। 35 से अधिक लोग घायल हुए हैं। राहत कार्य जारी है। यहां भारी बारिश के बाद यह भूस्खलन हुआ। परेरा नगर पालिका के रिसारल्डा में घातक भूस्खलन के बाद एक व्यक्ति के लापता होने की भी सूचना है। परेरा के मेयर कार्लोस माया ने बताया कि भूस्खलन के कारण 14 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने सचेत किया कि इलाके में भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। उन्होंने लोगों से इस जगह को खाली कर देने की अपील की, ताकि और लोग हताहत नहीं हों। भूस्खलन के कारण जो घर प्रभावित हुए हैं, उनमें से अधिकतर लकड़ी के बने थे। बचाव दलों ने 60 से अधिक घरों को खाली कराया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति इवान डुके ने मृतकों के परिजन के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# कोरोना के एक्टिव मामले 9 लाख से कम, 24 घंटे में 1.70 लाख लोग हुए रिकवर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में कोरोना के नए मामलों में लागातर गिरावट देखी जा रही थी। हालांकि, बीते दिनों की तुलना में आज फिर इजाफा हुआ है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते दिनों की तुलना में करीब चार हजार अधिक केस सामने आए हैं। कल जो आंकड़े जारी किए गए थे, उसमें 67,597 नए मामलों की पुष्टि की गई थी। वहीं, केंद्र सरकार ने आज कहा है कि बीते 24 घंटे में 71,365 नए कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए हैं। दैनिक पॉजिटिविटी रेट 4.5 प्रतिशत के करीब है। आपको बता दें कि कल 15,71,726 सैंपल की जांच की गई थी। भारत में इसके साथ ही अब कुल 8,92,828 एक्टिव केस हैं। बीते 24 घंटे में 1.72 लाख मरीजों ने कोरोना को मात दी है। अब तक देश में 4,10,12,869 लोग इस महामारी से उबर चुके हैं। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत



अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 170.87 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं।

देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ के पार और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 26 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार पहुंच गए।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की कोरोना वायरस संक्रमण से मौत हुई है, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं।

**महाराष्ट्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 6,107 नये मामले सामने आये, 57 और मरीजों की मौत-** महाराष्ट्र में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 6,107 नये मामले सामने आये और महामारी से 57 और लोगों की मौत हुई। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी। नये मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढक़र 78,16,243 पर पहुंच गई जबकि मृतकों की संख्या 1,43,155 हो गई है। राज्य में महामारी से 16,035 और लोग स्वस्थ हुए जिससे ठीक हुए लोगों की संख्या बढक़र 75,73,069 हो गई है। राज्य में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 96,069 हैं। राज्य में सोमवार को 6,436 नये मामले दर्ज किये गये थे और 24 लोगों की मौत हुई थी।

**दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,114 नये मामले सामने आये-** दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,114 नये मामले सामने आये और महामारी से 12 और लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को साझा किये गये आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। विभाग के बुलेटिन के अनुसार संक्रमण दर गिरकर 2.28 प्रतिशत रही। राष्ट्रीय राजधानी में मामलों की कुल संख्या बढक़र 18,46,198 हो गई, जबकि मृतकों की संख्या बढक़र 26,010 पर पहुंच गई। इसके अनुसार एक दिन पहले की गई कोविड-19 जांच की संख्या 48,792 है। गत 13 जनवरी को मामलों की संख्या 28,867 के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छूने के बाद दिल्ली में दैनिक मामलों की संख्या में गिरावट आई है।

## नौसेना की पश्चिमी कमान का नौसेना अलंकरण समारोह-2022 मुम्बई में सम्पन्न

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिमी नौसेना कमान के लिये नौसेना अंलकरण समारोह-2022 का आयोजन आठ फरवरी, 2022 को मुम्बई में किया गया।

वाइस एडमिरल अजेन्द्र बहादुर सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीसीएम, एडीसी, पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफीसर कमांडिंग-इन-चीफ ने स्वतंत्रता दिवस 2020 और गणतंत्र दिवस 2021 पर घोषित शौर्य तथा विशिष्ट सेवा पदक नौसेना कर्मियों को प्रदान किये।

समारोह के दौरान, कमांडर धनुष मेनन और हरिदास कुंडु एमसीए (एफडी) ढ्ढढ्ढ को नौसेना पदक (शौर्य) प्रदान किये गये, जबकि कोमोडोर अनिल मार्या को नौसेना पदक (कर्तव्यपरायणता) से सम्मानित किया गया। रियर एडमिरल संदीप मेहता, सर्जन रियर एडमिरल आरती सरीन, कोमोडोर श्रीकान्त केसनूर, कैप्टन बीरेन्द्र सिंह बैंस, कैप्टन सुमित सिंह सोढी, कैप्टन कपिल भाटिया और एमसीपीओ ढ्ढ (जीडब्लू)/ मानद सूबेदार लेफ्टीनेन्ट जय सिंह को विशिष्ट सेवा पदक से नवाजा गया।

कमांडर-इन-चीफ ने गत वर्षों में शानदार सेवा और प्रदर्शन के लिये आईएनएस गोमती तथा खान-पान व्यवस्था करने वाले बेस विक्चुअलिंग यार्ड (मुम्बई) को यूनिट साइटेशन प्रदान किया।

एडमिरल अजेन्द्र बहादुर सिंह ने पुरस्कृत नौसेनाकर्मियों के सभी परिजनों के योगदान की सराहना की कि उन सभी ने नौसेना में सेवारत अपने घर के लोगों को अपना कर्तव्य निभाने के लिये हमेशा प्रेरित किया और उनका समर्थन किया।

कोविड-19 महामारी को मद्देनजर रखते हुये अलंकरण समारोह कमान परिसर के अंदर सभी नौसेनाकर्मियों के लिये एक ही स्थान पर आयोजित किया गया। समारोह में भारतीय नौसेना के वरिष्ठ गणमान्य अधिकारी, उनके जीवनसाथी और पुरस्कृत नौसेनाकर्मियों के परिजन उपस्थित थे।

## 10 साल के बच्चे से हुई दरिंदगी, सिगरेट से जलाया चेहरा

**कानपुर (आरएनएस)।** कानपुर में 10 साल के बच्चे की लाश मिलने के बाद हडक़ंप मच गया है। बच्चे के शरीर पर सिगरेट से जलाने के निशान, कील गाडक़र निकाली गई आंख , ऐसी दरिंदगी की गई, जिसे देख सुनकर इलाके के लोगों के साथ-साथ उन पुलिसवालों के भी दिल कांप उठे हैं, जो बॉडी का पंचनामा करने पहुंचे थे।

जानकारी के अनुसार कानपुर के नर्वल में लापता मासूम की कुकर्म के बाद हत्या कर दी गई। घर के बाहर खेलते वक्त उसे अगवा किया गया था। सुबह घर के पास खेत में नग्न अवस्था में शव बरामद होते ही सनसनी मच गई। शरीर के पिछले हिस्से से खून बह रहा था।


गुस्साए परिजनों ने शव उठाने से इनकार कर हंगामा किया। सीओ ने कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। कस्बे के एक गांव में राज मिस्त्री के परिवार में पत्नी के अलावा 10 बच्चे हैं। 10 साल का मासूम पांचवें नंबर पर था। पिता के मुताबिक सोमवार शाम छह बजे वह घर के बाहर खेल रहा था तभी अचानक लापता हो गया।

पाली चौकी पर शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया मगर फोटो न होने के कारण पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज नहीं की। मंगलवार सुबह दस बजे घर से 250 मीटर दूर खेत में कटाई करने गए किसानों ने बच्चे का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मासूम की गर्दन पर जूता रखा हुआ था। घटनास्थल से 50 कदम की दूरी पर यूकेलिप्टस का बाग है, वहां छानबीन के दौरान कपड़े बरामद हुए। शव के दूसरी तरफ शराब की बोतल, दो डिस्पोजल ग्लास और सिगरेट की डिब्बी मिली। बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

एसपी कानपुर आउटर ने कहा कि परिजनों की किसी से दुश्मनी नहीं है। फोरेंसिक टीम से जांच कराई गई है। परिजनों ने गांव के कुछ लोगों के नाम लिए हैं, उन्हें बैठाकर पूछताछ की जा रही है। जो तहरीर दी गई है उसके आधार पर 302 व 201 के तहच एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## अरुणाचल हिमस्खलन हादसा: हिमाचल के सैनिक राकेश सिंह भी शहीद, तीन माह पहले ही गए थे ड्यूटी

बैजनाथ (कांगड़ा) 9 फरवरी (आरएनएस)। अरुणाचल प्रदेश के कमांग सेक्टर में हिमस्खलन से उपमंडल बैजनाथ की कंदराल पंचायत के वार्ड-एक लोअर महेशगढ़ निवासी राकेश सिंह (26) भी शहीद हो गए हैं। 19 जैक राइफल में तैनात राकेश सिंह तीन माह पूर्व ही घर से ड्यूटी पर गए थे। राकेश सिंह के शहीद होने की आधिकारिक तौर पर सूचना मिलने के बाद विधायक मुलख राज प्रेमी और एसडीएम सलीम आजम ने उनके घर जाकर परिवार वालों को सांत्वना दी। पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही माता संध्या देवी को



बेटे के शहीद होने का पता चलने के बाद उनका रो-रो कर बुरा हाल है, जबकि शहीद की 22 वर्षीय पत्नी अंजलि अपने 6 माह के बेटे रियांश के साथ कमरे में बंद है। मंगलवार देर शाम तक शहीद की पत्नी कमरे से बाहर नहीं निकल सकी थी। राकेश सिंह के पार्थिव शरीर के वीरवार सुबह तक आने की उम्मीद है। शहीद राकेश सिंह अपने पीछे माता-पिता और पत्नी तथा 6 मां के बेटे को छोड़ गए हैं। राकेश सिंह अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे।

शहीद के पिता जिगरी राम सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं। जिगरी राम (63) ने बताया कि रविवार देर शाम सेना के अधिकारी का फोन उन्हें आया था और उस समय अधिकारी ने राकेश सिंह के लापता होने की बात कही थी। उसके बाद से राकेश सिंह के पिता बेटे की सलामती की दुआएं मांग रहे थे। राकेश ने गत रविवार सुबह अपने पिता से फोन पर बातचीत की थी और कुछ समय के बाद ही सिग्नल कट हो जाने से बात बंद हो गई थी। राकेश कुमार घर से तीन माह पूर्व ही दिल्ली में अपनी ड्यूटी पर गए थे और 15 दिन पूर्व ही उन्हें अरुणाचल भेजा गया था। सोमवार देर शाम को राकेश कुमार के शहीद होने को लेकर अटकलें चल रही थी, लेकिन आधिकारिक तौर पर किसी भी प्रकार की जानकारी न होने के कारण परिजनों को सूचना नहीं दी गई थी। एसडीएम सलीम आजम ने बताया की पार्थिव शरीर के बुधवार दोपहर बाद या फिर वीरवार सुबह आने की उम्मीद है। नियमों के तहत शहीद के परिवार को प्रशासन की तरफ से सहायता प्रदान की जाएगी।

## सातवें चरण के मतदान के लिए 09 जिलों की 54 विधान सभा सीटों के लिए आज जारी होगी अधिसूचना, प्रत्याशी को जुलूस की अनुमति नहीं

**सातवें चरण में कुल 2,05,51,521 मतदाता**

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी, शान्तिपूर्ण व कोविड सुरक्षित मतदान के लिये चुनाव की प्रक्रिया संचालित है। उ0प्र0 विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 के लिए सातवें चरण के मतदान के लिए 10 फरवरी, 2022 (गुरूवार) को अधिसूचना (नोटिफिकेशन) जारी की जायेगी। इसके साथ ही सातवें चरण के 09 जिलों में आजमगढ़, मऊ, जौनपुर, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर, भदोही व सोनभद्र की 54 विधान सभा सीटों के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जायेगी। सातवें चरण की 54 विधान सभा सीटों में 11 सीटें अनुसूचित जाति व 02 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गत 05 जनवरी, 2022 को प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार सातवें चरण में कुल 2,05,51,521 (दो करोड़ पांच लाख इक्यावन हजार पांच सौ इक्कीस) मतदाता हैं। इसमें 1,09,01,009 पुरूष मतदाता, 96,49,495 महिला मतदाता व 1017 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं।

भारत निर्वाचन आयोग ने घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार सातवें चरण के नामांकन की अन्तिम तिथि 17 फरवरी, 2022 (गुरूवार) है। नामांकन की जॉच 18 फरवरी, 2022 (शुक्रवार) को की जायेगी व 21 फरवरी, 2022 (सोमवार) को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। सातवें चरण का मतदान 07 मार्च, 2022 (सोमवार) को सम्पन्न होगा व 10 मार्च, 2022 (गुरूवार) को मतगणना होगी।

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 10 फरवरी को सातवें चरण की जिन 54 विधान सभा सीटों के लिये नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी, इसमें 343-अतरौलिया, 344-गोपालपुर, 345-सगड़ी, 346-मुबारकपुर, 347-आज़मगढ़, 348-निज़ामाबाद, 349-फूलपुर-पवई, 350-दीदारगंज, 351-लालगंज (अ0जा0), 352-मेहनगर (अ0जा0), 353-मधुबन, 354-घोसी, 355-मुहम्मदाबाद-गोहना (अ0जा0), 356-मऊ, 364-बदलापुर, 365-शाहगंज, 366-जौनपुर, 367-मल्हनी, 368-मुंगरा बादशाहपुर, 369-मछलीशहर (अ0जा0), 370-मड़ियाहू, 371-जफराबाद, 372-केराकत (अ0जा0), 373-जखनियां (अ0जा0), 374-सैदपुर (अ0जा0), 375-गाजीपुर, 376-जंगीपुर, 377-जहूराबाद, 378-मोहम्मदाबाद, 379-जमानिया, 380-मुगलसराय, 381-सकलडीहा, 382-सैयदराजा, 383-चकिया (अ0जा0), 384-पिण्ड्रा, 385-अजगरा (अ0जा0), 386-शिवपुर, 387-रोहनिया, 388-वाराणसी उत्तर, 389-वाराणसी दक्षिण, 390-वाराणसी कैन्टोनमेंट, 391-सेवापुरी, 392-भदोही, 393-ज्ञानपुर, 394-औराई (अ0जा0), 395-छानबे (अ0जा0), 396-मिर्जापुर, 397-मझवां, 398-चुनार, 399-मड़िहान, 400-घोरावल, 401-राबर्ट्सगंज, 402-ओबरा (अ0ज0जा0) व 403-दुद्धी (अ0ज0जा0)विधान सभा सीट शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत नामांकन के समय किसी भी प्रत्याशी को जुलूस की अनुमति नहीं दी जायेगी।

## जोन्हा जलप्रपात घूमने पहुंचे राज्यपाल रमेश बैस, कहा- झारखंड में हैं विश्व स्तर के पर्यटन स्थल, यहां असीम संभावनाएं

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस अपने परिवार के संग रांची के जोन्हा जलप्रपात घूमने पहुंचे. यहां राज्यपाल और उनके परिवार ने गौतम धारा जलप्रपात का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने प्रकृति की खूबसूरती को निहारते हुए कहा कि झारखण्ड राज्य को प्रकृति ने अत्यन्त ही खूबसूरती प्रदान की है. झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस अपने परिवार के संग रांची के जोन्हा जलप्रपात घूमने पहुंचे. यहां राज्यपाल और उनके परिवार ने गौतम धारा जलप्रपात का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने प्रकृति की खूबसूरती को निहारते हुए कहा कि झारखण्ड राज्य को प्रकृति ने अत्यन्त ही खूबसूरती प्रदान की है. यहां के झील, झरने, जलप्रपात, नदी, पहाड़, घने जंगल बहुत ही मनमोहक हैं और ये लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने असीम क्षमता रखते हैं. झारखंड के विभिन्न पर्यटन स्थलों को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल बनने की अपार विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल बनने की अपार संभावनाएं हैं.इस दौरान राज्यपाल रमेश बैस और उनका परिवार प्रकृति की गोद में बसे हुंडरू फॉल पहुंचा और मनोरम दृश्य का आनंद उठाया. यहां राज्यपाल के साथ उनकी पत्नी, पुत्र, पुत्रवधू, पौत्र सहित अन्य सदस्य भी मौजूद थे.

## सड़क हादसा: बर्फ पर स्किड होकर एचआरटीसी की बस ट्रक से टकराई, 13 यात्री घायल

**शिमला (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-5 पर हिमाचल प्रदेश के कुफ री और फ ागू के बीच गलू के पास बुधवार दोपहर सडक़ पर जमी बर्फ पर स्किड होने से एचआरटीसी की बस ट्रक से जा टकराई। हादसे में बस में सवार 13 यात्री घायल हो गए हैं। यात्रियों को तुरंत उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ठियोग ले जाया गया। बस में 35 यात्री सवार थे। बस हरिद्वार से शिमला पहुंचने के बाद रामपुर के सराहन रूट पर रवाना हुई थी। ठियोग अस्पताल के एसएमओ डॉ. दलीप टेक्टा ने बताया कि सभी का उपचार कर दिया गया है और कोई भी यात्री गंभीर घायल नहीं है।

गलू से फागू की ओर बस के आगे ट्रक चल रहा था। सडक़ पर फिसलन के कारण बस स्किड हो गई और अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बस का कंडक्टर साइड का शीशा टूटकर सडक़ पर बिखर गया। बस की लाइट भी टूट गई। बस की अगली सीटों पर बैठे यात्री बुरी तरह चोटिल हो गए। चालक को भी गहरी चोटें आई हैं। बीते दिनों कुफरी और फागू में भारी बर्फबारी के बाद आनन-फानन में नेशनल हाईवे बहाल कर दिया गया। सडक़ से पूरी तरह बर्फ नहीं हटाई गई, अभी भी कुफरी से फागू तक सडक़ पर बर्फ की मोटी परत जमकर शीशा बनी हुई है।



**मौके पर पहुंचे उपायुक्त, बर्फ की परत हटाने के दिए निर्देश**

दुर्घटना की सूचना मिलते ही उपायुक्त आदित्य नेगी घटनास्थल पर पहुंचे। एसडीएम ठियोग को भी मौके पर बुलाया गया। उपायुक्त ने नेशनल हाईवे को सडक़ से बर्फ पूरी तरह हटाने के निर्देश दिए। उपायुक्त की मौजूदगी में बर्फ की करीब तीन से चार इंच मोटी परत को काट कर निकाला गया।

**घायलों की सूची**

ठियोग अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे घायलों में रिपना देवी पत्नी रविंद्र कुमार गांव डाऊच जिला बिलासपुर, रविंद्र पुत्र कृष्णा राम बिलासपुर, हरि कृष्ण शर्मा खलीनी शिमला, रंजना पुत्री मस्त राम निरमंड जिला कुल्लू, हेमलता पुत्री मस्त राम निरमंड, कुसुम पत्नी राजेंद्र ननखड़ी, अजय पुत्र राजेंद्र कुमार घुमारवीं, ज्योति पत्नी जयराम गांव शीला घुंड ठियोग और बस का चालक संजीव कुमार शामिल है। तीन अन्य यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### ऊंची चोटियों पर हुई हल्की बर्फ बारी, शिमला में ओलावृष्टि, 10 फ रवरी से प्रदेश में मौसम साफ

हिमाचल प्रदेश की चोटियों व ऊंचाई वाले कई भागों में हल्की बर्फबारी हुई है। बुधवार शाम को शिमला में बारिश और ओलावृष्टि हुई जबकि कुफरी में हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। वहीं, दिनभर शहर में बादलों की लुक्का छिपी चली रही। दोपहर बाद करीब साढ़े पांच बजे हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। छह बजे के बाद करीब 15 मिनट तक शहर में ओले बरसे और शहर की सडक़ों पर सफेद चादर बिछ गई। इसके बाद सडक़ों पर वाहना स्किड होने शुरू हो गए। हालांकि करीब पौने घंटे बाद ओले पिघलने से यातायात सामान्य हो गया। विभाग के अनुसार पूरे प्रदेश में 10 से 13 फरवरी तक मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। उधर, बीते दिनों हुई भारी बर्फबारी की वजह से अभी भी कई सडक़ें बंद हैं। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार बुधवार शाम छह बजे तक प्रदेश में 165 सडक़ें यातायात के लिए ठप थीं। जबकि अधिकतर बिजली ट्रांसफर बहाल कर दिए गए हैं। हालांकि अभी भी 49 पेयजल योजनाएं प्रभावित चल रही हैं। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे समय पर संपर्क मार्गों और सडक़ों को बहाल करें।